हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

04 किसानों ने जमीन को लेकर कमिश्नर...



07 वार्ड 4 में नालियों में बिछी पाइपलाइन से हो रहा...





## खबर संक्षेप

### अमानवीयः कुत्तों के साथ की जा रही है क्रूरता



**नर्मदापुरम।** कुत्तों की आबादी और स्थिति नियंत्रण से बाहर है। जिसका संज्ञान देश की शीर्ष कोर्ट भी ले चुकी है। लेकिन नर्मदापुरम में लोगों को परेशान करने वाले आवारा कुत्तों को नगर पालिका अमानवीय तरीके से पकड़ने का काम कर रही है। इसकी बानगी शुक्रवार को देखने को मिली। जहां नपा के सफाई वाहन में क्रूरता पूर्वक टीम द्वारा कुत्तों को पकड़कर कचरा गाड़ी में डाला गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि इस वीडियो के बाद स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी सफाई देते नजर आए कि कुत्तों को कचरा गाड़ी में नहीं डाला बल्कि भगाया गया है, उनका कहना है कि सीएम हेल्पलाइन पर आवारा कुत्तों की शिकायत की गई थी।

### रैली का आयोजन

**माखन नगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ,मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह के तृतीय दिवस पर प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में व्यापक रूप से श्रम दान किया।

### जिला सहकारी बैंक सोहागपुर का मामला, हम्माली भुगतान के बदले डिमांड

# बैंक की साख पर लगाया 'बट्टा', 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया बैंक प्रबंधक

सोहागपुर नगर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की शाखा के प्रबंधक को गुरुवार शाम लोकायुक्त भोपाल की टीम ने 20000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। मामला एक समिति प्रबंधक से हम्माली भुगतान के बदले राशि मांगने का था। भोपाल लोकायुक्त टीम ने प्रकरण पंजीबद्ध कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

गुरुवार शाम लगभग 7:30 बजे मीडिया को जानकारी देते हुए लोकायुक्त डीएसपी बीएम द्विवेदी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख द्वारा जारी भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन में भोपाल लोकायुक्त ने कार्यवाही की है। जिसमें शिकायतकर्ता कैलाश कुशवाहा पिता भैयालाल कुशवाहा निवासी सिटियागोहना तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम ने शिकायत की थी। शिकायत थी कि शिकायतकर्ता सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस सोहागपुर में धान खरीदी कर रहे हैं। जिसमें हम्मालों की मजदूरी भुगतान का पत्रक उन्होंने बैंक में जमा किया था। लेकिन प्रबंधक दिनेशचंद दुबे द्वारा हम्माली के लगभग दो



लाख रुपए की राशि जारी करने के बदले 10% रिश्वत अर्थात 20000 की मांग की जा रही थी। डीएसपी बीएम द्विवेदी ने बताया कि आरोपी दिनेशचंद दुबे पिता गंगाचरण दुबे 59 वर्ष निवासी नर्मदापुरम शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक मर्यादित सोहागपुर जिला नर्मदापुरम को गुरुवार शाम लगभग चार से साढ़े चार बजे के बीच रिश्वत की राशि लेते पकड़ा गया है।

### यह है पूरा मामला

आवेदक कैलाश कुशवाह की शासकीय समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी की समिति आदिम जाती सहकारी समिति मर्यादित सोहागपुर के नाम से है। उसकी तथा उसके कर्मचारियों की वेतन तथा धान खरीदी की हम्माली के भुगतान के लिये जिला सहकारी बैंक मर्यादित सोहागपुर के शाखा प्रबंधक दिनेशचंद दुबे प्रत्येक एक लाख के भुगतान पर 10 प्रतिशत का कमीशन रिश्वत में मांगते हैं। अभी दो लाख रूपये के लगभग का चेक हम्माली भुगतान का लगना है, जिसमे दिनेशचंद दुबे 20000 रूपये रिश्वत मांग रहा है। यह शिकायत आवेदक ने एक जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार राठौर को की। राठौर के निर्देश पर भोपाल लोकायुक्त टीम ने कार्यवाही की तथा आरोपी दिनेशचंद दुबे शाखा प्रबंधक को आवेदक से रिश्वत के 20000 रूपये लेते हुए बैंक में ही पकड़ा है।

### बनाया प्रकरण, लगाई धारा

रिश्वतखोरी के इस मामले में आरोपी दिनेशचंद दुबे बैंक प्रबंधक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में उप पुलिस अधीक्षक बीएम द्विवेदी, निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, आरक्षक मुकेश परमार व आरक्षक चैतन्य प्रताप सिंह शामिल थे।

### की है कार्रवाई



आवेदक की शिकायत सही पाई गई तथा आरोपी को 20000 की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। प्रकरण उच्च स्तर पर प्रेषित है।

**बीएम द्विवेदी,** डीएसपी लोकायुक्त भोपाल

### मांगी जाती है रिश्वत



"सहकारी बैंक प्रबंधक द्वारा लगातार रिश्वत की मांग की जाती रही है। मुझसे भी हम्माली भुगतान के लिए 10% रिश्वत मांगी गई थी। मैंने एक जनवरी 2026 को लोकायुक्त में शिकायत की थी।

**कैलाश कुशवाहा,** शिकायतकर्ता

## लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पद से किया पृथक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

परियोजना सिवनी मालवा अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र भावंदा में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला कलमे को केन्द्र संचालन में निरंतर अनियमितता एवं विभागीय कार्यों में गंभीर लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से कार्यकर्ता के पद से पृथक कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विमला कलमे द्वारा बिना पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित रहना, आंगनवाड़ी केन्द्र का नियमित संचालन न करना, विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना, वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाना तथा कार्यालयीन पत्रों का समय पर उत्तर नहीं दिया जाना पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन में निरंतर अनियमितता के संबंध में विमला कलमे द्वारा स्वयं स्वीकारोक्ति प्रस्तुत की गई।

मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केन्द्र भावंदा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला कलमे पिता मस्तान को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किए जाने की कार्रवाई की गई है।

## विराट हिंदू महासम्मेलनः आज से 3 दिन तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन के लिए विगत एक सप्ताह से नगर के प्रत्येक वार्ड में बैठक की जा रही है सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से बालाजी मंदिर से प्रभात फेरी निकलेगी शनिवार 10 जनवरी को राम जानकी मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी रविवार 11 जनवरी को शैलपुत्री धाम शनिचरा बाजार से कलश यात्रा निकल जाएगी जिसका रामलीला मैदान में समापन होगा दोपहर 1 बजे हिंदू महा सम्मेलन होगा सकल हिंदू समाज ने महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए नगर में घर-घर आमंत्रण भेजा है।

## ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया अपना बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



नगर के सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे सहित अन्य सभी शामिल शिक्षक-शिक्षिका छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार बौद्धिक विकास क्षमता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसके अंतर्गत विकासखंड स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय कक्षा 2 से ओम पुरोहित ने हिंदी विषय में व पार्थ राय ने गणित में सफलता प्राप्त की। कक्षा 3 से आराध्या गोहिया ने अंग्रेजी में अथर्व राय ने हिंदी विषय में सुनीता कीर ने हिंदी विषय में सफलता प्राप्त की। कक्षा 4 से पूर्वी राय ने लगभग सभी विषयों पर कक्षा 5 से प्रज्ञा यादव, शिक्षक-शिक्षिका दिलीप पटेल,जया नेमा कंचन पचौरी, चंद्र भूषण परसाई माया बिजौलिया,पी,एन, दुबे आदि का सहयोग मिला।

### जीनियस प्लानेट स्कूल ने जीता पहला मुकाबला

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सांसद कप का शुभारंभ गुप्ता ग्रांउड स्टेडियम नर्मदापुरम पर ज्वाइन डायरेक्टर एजुकेशन मनीष वर्मा द्वारा किया गया। प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम हिस्सा लें रही है। जिसमें पहला मुकाबला गुरूवार को जीनियस प्लानेट स्कूल इटारसी और सोना मेमोरियल स्कूल नर्मदापुरम के बीच हुआ। जिसमें जीनियस प्लानेट ने मुकाबला एकतरफा जीत लिया। इस अवसर पर मप्र क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंधक कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे, सचिव मनोहर बिल्थरिया, योगेश परसाई आदि मौजूद रहे।

## मध्याह्न भोजन से दाल तो स्कूल से विद्यार्थी भी नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

शहर शासकीय स्कूलों में इन दिनों हालात बेहद चिंताजनक है। जिसमें शिक्षक- शिक्षकाएं लापरवाही बरत रहे है। या यूं समझे वेतन के लिए ही नौकरी बजा रहे हैं।

बच्चों के भविष्य को लेकर कोई गंभीर नहीं है। समनापुर पंचायत के नवीन माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रीना कानोड़िया ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 90 छात्र-छात्राएं है। प्राथमिक विद्यालय में 28 तथा माध्यमिक विद्यालय में 62 विद्यार्थी है। 3 शिक्षिका, 2 अतिथी शिक्षक है। लगातार 4 दिन के अवकाश के बाद देखा गया कि 3



छात्र माध्यमिक विद्यालय के तथा 11 प्राथमिक के उपस्थित रहे। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत प्राचार्य के अनुसार सोमवार को रोटी सब्जी,दाल ,तुअर की रहती है। लेकिन पाया गया कि बच्चों की थाली से दाल नदारद थी।

मजे की बात यह है की आंगनबाड़ी की सहायिका ही मध्यान्ह भोजन समूह चला रही है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया गांव में रसोई होने से बच्चे नहीं आए हैं।

### सोहागपुर में 'पानी-पानी' होती नर्मदा जल परिवहन योजना, 10 फीट 18 लीकेज



**सोहागपुर।** शहर में लगभग 50 करोड़ रुपये लागत से नर्मदा जल परिवहन एवं प्रदाय योजना का काम हुआ है। लेकिन लापरवाही के परिणामतः शहर में नर्मदा जल वितरण लाइन में दर्जनों लीकेज हो गए हैं। गुरुवार सुबह स्टेट हाईवे से लगकर एक ही स्थान पर 18 लीकेज पाए गए हैं। वहीं 10 फिट त्रिज्यीय क्षेत्र में अर्थात डायमीटर क्षेत्र में ही 18 लीकेज से चंद मिनटों में ही हजारों लीटर पानी बह गया। गंदा पानी हाईवे सहित पूरे क्षेत्र में फैला एवं आसपास की दुकानों में भर गया। यह परेशानी सुधार ना होने तक जारी रहने की तय स्थिति से नागरिकों में रोष है।

### नपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**नर्मदापुरम।** प्रति गुरूवार को होने वाली नगरपालिका में आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता सुना तथा उनका समाधान त्वरित करने के निर्देश संबंधित शाखा को दिए। जनसुनवाई में पार्षद राहुल गौर, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, उपयंत्री अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, आयुषी रिछारिया सहित नगरपालिका का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शुरू हुई जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

## अजमेर में विद्यार्थियों ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नव वर्ष की शुरुआत राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करके की। राजस्थान के शहर अजमेर में हाल ही में संपन्न स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप 2026 मैं शाला के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश दल से प्रतिनिधित्व किया।

इसमें वॉलीबॉल में टीम सेकंड रनर अप रही। समेरिटंस शाला के छात्र लगातार राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में पदक हासिल करते चले आ रहे हैं इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष



शर्मा, प्राचार्या प्रेरणा रावत, आरके सिंह खेल विभाग प्रभारी डॉ. सचिन खम्परिया, विक्रांत खम्परिया, राजेंद्र रघुवंशी, विनोद कुमार साहू, वैशाली तिवारी एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कलश यात्रा के साथ शिवपुराण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

गुरवार को सूरजकुंड धाम ,(ग्राम गुडला दक्षिण तट) शिव पुराण कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई मातृशक्ति ने सूरजकुंड नर्मदा घाट से जल भरकर कथा स्थल पहुंची। सूरजकुंड धाम के महंत राजेश गिरी महाराज ने बताया 8 जनवरी से 14 जनवरी तक प्रतिदिन ओंकारेश्वर से पधारे कथावाचक ओमकार चैतन्य जी



महाराज प्रतिदिन 1 से 4 तकअपने श्री मुख से भक्तों को शिवपुराण सुनाएंगे क्षेत्र के सभी धार्मिक बंधुओ से आग्रह है इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## हिन्दू सम्मेलनः घर-घर जाकर पीले चावल से दे रहे निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

नगर में 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में प्रत्येक घर से हिंदू सम्मेलन में उपस्थिति के लिए स्वयंसेवक दीवार लेखन एवं ग्राम वासियों के हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक घर जाकर पीले चावल देकर सम्मेलन में आने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देश में मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।

उसी कड़ी में सेमरी हरचंद में भी कृषि उपज मंडी प्रांगण में 18 जनवरी दिन रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना है सम्मेलन को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवक युद्ध स्तर पर तैयारी में लगे हुए हैं।

### पॉलीथिन मुक्त होंगी सतपुड़ा की हसीन वादियां, धार्मिक स्थल की बदलेगी सूरत, सहेजने का संकल्प

# शिवरात्रि पर इस बार शिव भक्ति के साथ प्रकृति की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सतपुड़ा की हसीन वादियों में बसे आस्था के केंद्र तिलक सिंदूर से एक बड़ी और अच्छी खबर आई है। इस बार महाशिवरात्रि पर भक्त न केवल भगवान शिव का आशीर्वाद लेंगे, बल्कि प्रकृति को सहेजने का संकल्प भी दोहराएंगे।

आस्था, प्रकृति और परंपरा का संगम तिलक सिंदूर मेला इस वर्ष 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है। गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में हुई मैराथन बैठक में मेले की रूपरेखा तय की गई, जिसमें एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला लिया जो इस धार्मिक स्थल की सूरत बदल देगा। बैठक में तहसीलदार श्रीमती सुनीता साहनी, जनपद पंचायत सीईओ सहित तिलक सिंदूर समिति के सदस्य, केसला जनपद और इटारसी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



### पॉलिथिन को 'नो-एंट्री' हमेशा के लिए बैन

बैठक का सबसे बड़ा और सराहनीय निर्णय यह रहा कि तिलक सिंदूर परिसर को अब पूरी तरह पॉलिथिन मुक्त बनाया जाएगा। खास बात यह है कि यह पाबंदी सिर्फ तीन दिन के मेले के लिए नहीं, बल्कि हमेशा के लिए लागू रहेगी। सतपुड़ा के जंगलों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिहाज से इसे एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मेले का शेड्यूल और खास आयोजन

**यज्ञ का आगाज :** मेले की आध्यात्मिक शुरुआत 12 फरवरी से ही यज्ञ के साथ हो जाएगी।

**शुभारंभ :** 14 फरवरी को शाम 4 बजे विधि-विधान से मेले का उद्घाटन होगा।

**समापन :** 16 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहूति के साथ मेले का समापन होगा।

जाम से मुक्ति का मास्टर प्लान

हर साल तिलक सिंदूर मेले में उमडऩे वाली लाखों की भीड़ और ट्रैफिक जाम एक बड़ी चुनौती होती है। इस बार प्रशासन ने इसके लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया है। पथरोटा पुलिस को ट्रैफिक मैनेजमेंट की मुख्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। जमानी तिराहा, खटामा तिराहा और झालपा गांव के पास विशेष पुलिस बल लगेगा। पार्किंग व्यवस्था को और सुचारू बनाया जायेगा।

### प्रशासनिक जमावट

मेले को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए अधिकारियों की फौज तैनात कर दी गई है।

**मेला अधिकारी :** जनपद पंचायत केसला सीईओ और तहसीलदार, इटारसी

**सहायक मेला अधिकारी:**अतिरिक्त तहसीलदार, केसला

**कंट्रोल रूम :** मेला स्थल पर एक हाई-टेक कंट्रोल रूम बनेगा, जहां पुलिस के साथ ग्राम कोटवार भी मुस्तैद रहेंगे।

### जिम्मेदार बोले

महाशिवरात्रि मेले की तैयारी पूरी है। हमने पिछले वर्षों की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की है ताकि इस बार श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। सुरक्षा और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है।

**नीलेश शर्मा,** एसडीएम

मेला परिसर को पॉलिथिन मुक्त करने का निर्णय ऐतिहासिक है। हम इस पहल का स्वागत करते हैं। समिति के स्वयंसेवक प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर व्यवस्था संभालेंगे।

**हरिकिशोर मेहतो,** सचिव तिलक सिंदूर समिति

एजेन्सी देना है। हरिभूमि

नर्मदापुरम् रसूलिया, मालाखेड़ी जसलपुर, बनखेड़ी,बनापुरा डोलरिया, रोहना, सिवनी मालवा ,केसला ।

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 9827743042, 9300263480

**खबर संक्षेप**

## सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय सम्मान



**बैतूल।** देश के चुनिंदा विद्यालयों के बीच सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है। विद्यालय को एल्ड्रोक इंडिया द्वारा टीचिंग में टेक्नोलॉजी अपनाने में उत्कृष्टता के लिए बेस्ट टेक्नोलॉजी यूज़ इन टीचिंग का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किया गया है। विद्यालय की डायरेक्ट्रेस श्रीमती दीपाली निलय डागा के कुशल, दूरदर्शी और नवाचारी नेतृत्व में यह उपलब्धि संभव हो सकी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और प्रभावशाली भूमिका को देखते हुए उन्हें भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. रितु बाजपेई ने बताया कि यह सम्मान स्कूल में आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम्स और डिजिटल लर्निंग टूल्स के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया है। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने तकनीक को सोच, नवाचार और रचनात्मकता का अभिन्न हिस्सा बनाया है। वर्तमान में विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम्स, एआई आधारित लर्निंग टूल्स और स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक नवाचार सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों का सीखने का अनुभव बेहतर हुआ है और शिक्षक भी नई तकनीकों से सशक्त हुए हैं। एल्ड्रोक इंडिया के-12 अवॉर्ड्स 2026 भारतीय शिक्षा में उत्कृष्टता को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। यह उपलब्धि पूरे सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल परिवार के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय है।

### जमीन के विवाद में उलझा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और फायर स्टेशन प्रोजेक्ट

# किसानों ने जमीन को लेकर कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में लगाई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

करबला स्थित खेड़ी रोड पर प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के लिए जिला प्रशासन ने जिस जमीन को चिन्हित किया था, उस जमीन को लेकर किसानों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज करा दी है। ऐसे में यहां बनने वाले अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और फायर स्टेशन निर्माण का सपना जमीनी विवाद की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

किसानों की आपत्ति के बाद न सिर्फ जमीन आवंटन की प्रक्रिया रुक गई है, बल्कि किसानों का आरोप है कि जिस जमीन को प्रशासन अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के लिए आवंटित कर रहा है, वह लंबे समय से उनके कब्जे में है और बिना सहमति इसे बस स्टैंड निर्माण के लिए लिया जा रहा है। बता दे कि महानगरों की तर्ज पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने करबला स्थित खेड़ी रोड पर जमीन चिन्हित की थी। जहां बस स्टैंड बनाने के साथ-साथ फायर स्टेशन का भी निर्माण होना था, किन्तु किसानों द्वारा आपत्ति दर्ज कराये जाने से जमीन आवंटन की प्रक्रिया रूक गई है। प्रशासन का तर्क है कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में मंदिर के नाम दर्ज थी। पूर्व में इस जमीन को मंदिर निर्माण और संचालन के लिए आवंटित किया था। मंदिर से जुड़े लोग ही वर्षो से इसका उपयोग कर रहे थे,लेकिन सर्वाकार (कानूनी स्वामित्व) से जुड़े रिकार्ड उपलब्ध न होने से कलेक्टर ने यह आवंटन समाप्त कर जमीन को शासन के अधीन कर लिया गया है।

### करीब 9 एकड़ जमीन की आवश्यकता

अंतरराज्यीय बस स्टैंड बनाने के लिए लगभग 9 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई गई है और सर्वे कि बाद इस जमीन को प्रशासन ने आईएसबीटी निर्माण के लिए उपयुक्त मानते हुए आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, उसी पर आसपास के किसानों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय, नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज करा दी है। किसानों की आपत्ति से योजना ठंडे बस्ते में चली गई। जमीन को लेकर कब तक मामला स्पष्ट हो पायेगा, इसका भी स्पष्ट अनुमान नही है। इधर शहर के बीचोबीच कोठीबाजार बस स्टैंड से रोजाना बसों के आवागमन से शहर के अंदर यातायात व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। इसी बस स्टैंड से जिले के अलावा महानगरों तक जाने वाली बसों का संचालन हो रहा है। जिससे बस स्टैंड के सामने रोजाना सडक़ पर जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### बस स्टैंड और फायर स्टेशन निर्माण की थी तैयारी

प्रशासनिक रिकार्ड के मुताबिक बैतूल में बैतूल में आईएसबीटी के लिए पूर्व में हुए सर्वे के बाद तीन से चार संभावित स्थान चिन्हित किए थे। बाद में कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण के बाद करबला स्थित खेड़ी रोड की जमीन का चयन किया। कलेक्टर न्यायालय से उक्त जमीन नपा के नाम आवंटित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। लेकिन अब मामला कमिश्नर न्यायालय में है, जहां दो माह से सुनवाई चल रही है। यह न्यायालयीन प्रक्रिया कितनी लंबी चलेगी, इसका कोई स्पष्ट अनुमान नहीं है। बताया जा रहा है कि जब तक कमिश्नर न्यायालय से आदेश नहीं आ जाता, नपा को जमीन आवंटन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायेगी।

### आपत्ति के कारण फायर स्टेशन का मामला भी अटका

जिला प्रशासन ने 11 एकड़ जमीन आरक्षित कर रखी है। इसमें से करीब 2 एकड़ जमीन पर आधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण भी प्रस्तावित है। यह फायर स्टेशन मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) भोपाल द्वारा बनाया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2 करोड़ रुपए है। एमपीयूडीसी द्वारा इसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, लेकिन जमीन से जुड़े इस विवाद ने फायर स्टेशन परियोजना पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जमीन का मामला समय रहते नहीं सुलझा, तो न सिर्फ आईएसबीटी बल्कि फायर स्टेशन जैसी जरूरी सुविधा भी कागजों तक सिमट कर रह जाएगी। यह स्थिति प्रशासनिक समन्वय, पूर्व नियोजन और जमीन चयन की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बता दे कि फिलहाल बैतूल नगरपालिका के पास दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड हैं। जगह की कमी के कारण इन्हें नगरपालिका परिसर में खड़ा करना पड़ता है। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए अलग से कोई कमरे की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। मुख्य गेट के पास एक अस्थायी जगह पर ही फायर कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी निभाते हैं और जैसे ही इमरजेंसी कॉल आता है, फायर ब्रिगेड मौके पर रवाना हो जाती है।

**आपत्ति दर्ज कराई है**

आईएसबीटी के लिए जिस जमीन का आवंटन नगरपालिका को करने की बात कहीं जा रही थी, उस पर किसानों ने आपत्ति दर्ज कराई है। कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में याचिका दायर की है। जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है, तब तक काम शुरू नहीं हो सकता है।

- नीरज धुर्वे,
एई नगरपालिका बैतूल

## टूटी पाइप लाइन का सुधार कर गंदी नाली से हटवाया



**सारनी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 36 बगडोना में टूटी पाइप लाइन का सुधार कर उसे गंदी नाली से हटाया गया। पानी लीकेज की शिकायत प्राप्त होने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने इसे सुधारने के निर्देश दिए थे। उपयंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीरियरिंग प्रा.लि. को निर्देशित कर इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए थे। गुरूवार 8 जनवरी को सुधरवाया गया। उक्त पाइप लाइन को गंदी नाली से हटाकर साफ स्थान पर लाया गया। उपयंत्री ने बताया कि नगर पालिका, अनुबंधित कंपनी समेत अन्य टीमें पाइप लाइन, वाल्व चैंबरों की सतत निगरानी कर रही है। इनकी समुचित सफाई भी कराई जा रही है।

**वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंकों की सफाई के लिए बाधित रहेगी पेयजल सप्लाई:** नगर पालिका सारनी क्षेत्र में जलावर्धन योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टंकियों की सफाई हेतु विभिन्न तारीखों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगा। अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीरियरिंग प्रा.लि. द्वारा मांगे गए परमिट के अनुसार ओवरहेड टैंक 2 वार्ड क्र. 6 सारनी की सफाई 9 एवं 10 जनवरी को की जाएगी। इससे इस टंकी से संबंधित वार्डों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं ओवरहेड टैंक 3 वार्ड 28 ड्रिलिंग कैंप पाथाखेड़ा की टंकी की सफाई 15 एवं 16 जनवरी को, ओवरहेड टंकी 4 वार्ड 22 ट्रैचिंग ग्राउंड पाथाखेड़ा की सफाई 20 एवं 21 जनवरी, ओवरहेड टैंक 6 बगडोना की सफाई 12 एवं 13 जनवरी को होगी। इससे इन टंकियों से सप्लाई वाले वार्डों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। इसी तरह वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट सतपुड़ा डेम की सफाई 27 एवं 28 जनवरी को की जाएगी। इससे पूरे नगर में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

## शिक्षक के सेवानिवृत के अवसर को दोस्तों शिक्षकों व परिवार ने बनाया यादगार पल



**बैतूल/सारनी।** घोड़ाडोंगरी विकासखंड के प्राथमिक शाला जांगड़ा संकुल केंद्र जुवाडी (रानीपुर) से सहायक शिक्षक सांत्वनदास वाडिवा सेवानिवृत हुए, जहां विगत दिनों अपने बचपन के दोस्त के सेवानिवृत्ति अवसर पर दोस्तों, शिक्षक साथियों एवं परिवार जनों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन पलो को यादगार बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बचपन में सतपुड़ा स्कूल के जिन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया ऐसे पूर्व प्राचार्य एसके जैन, कुंदा सबनीस, बीआर गायकवाड का शाल श्रीफल देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं बचपन के सहपाठी प्रशांत गावंडे, अशोक राठौर, विक्रांत गावंडे, संतोष अग्रवाल, रामाधार पाल, सुरेंद्र सिंह राजपूत, राजू चौधरी द्वारा सेवानिवृत्ति साथी सांत्वनदास के जीवन परिचय एवं सेवा अवधि में समाज एवं छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों से अवगत कराया। अपने शिक्षक साथी मित्र के सेवानिवृत अवसर पर विक्रांत गावंडे ने सुमधुर गानों से सभी का मनमोहन लिया एक से बढकर एक मधुर संगीत ने चांदनी रात में समा बांध रखा। कार्यक्रम के बीच-बीच में लंबे अरसे बाद श्री गायकवाड के हंसी के ठहाकों ने कार्यक्रम को चार चांद भी लगाए, जहां संतोष अग्रवाल ने कहा कि ऐसा लगा मानो सतपुड़ा स्कूल के वह बचपन के दिन फिर लौट आए हैं। अशोक राठौर ने कहा कि शांतवनदास शासकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे है अपने दोस्तों से नहीं अब आप परिवार एवं समाज को अपना पूरा समय देंगे।

## विधायक आज करेंगे करीब दो करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**आमला।** विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे और उनकी पूरी टीम के विशेष प्रयासों से शहर में कई योजनाएं धरातल पर मूर्तरूप ले चुकी है, तो नए साल के प्रथम सप्ताह में ही 2 करोड़ से ज्यादा की लागत की कई योजनाओं का भूमिपूजन 9 जनवरी शुक्रवार को होने जा रहा है।

इस मौके पर विधायक डॉक्टर पंडाग्रे के हस्ते 2 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का भूमिपूजन किया जाना है, नपा आमला द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय नपा स्कूल में विधायक डॉ. पंडाग्रे द्वारा बस स्टैंड से संतोषी माता मंदिर तक डिवाइडर और लाइटिंग, पीर मंजिल से जनपद चौक तक सडक़ नाली और सौंदर्यीकरण के अलावा वार्ड क्रमांक 2 में भारतीय स्टेट बैंक के पास नपा की खाली पड़ी भूमि पर सीएमओ आवास भी बनाया जाना है। उपरोक्त कार्य काफी पहले ही शासन द्वारा स्वीकृत किए जा चुके थे, अब तकनीकी स्वीकृति के बाद शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ ही सभी निर्माण कार्य तेजी से पूरे किए जाएंगे। शहर में पीर मंजिल से जनपद चौक तक सडक़ निर्माण और जनपद चौक का सौंदर्यीकरण के अलावा बस स्टैंड से संतोषी माता मंदिर तक डिवाइडर एवं लाइटिंग के अलावा नपा अधिकारी के आवास के लिए विधायक प्रतिनिधि प्रदीप ठाकुर एवं स्थानीय कई भाजपा नेता लगातार उपरोक्त कार्य योजना के लिए प्रयासरत थे और विधायक से इन कार्यों की शीघ्र स्वीकृत की मांग भी कर रहे थे। शहर के सौंदर्यीकरण और जनता की सुविधाओं को देखते हुए विधायक द्वारा जल्द ही इन कार्यों की मंजूरी भी दे दी गई, और अब 2 करोड़ से ज्यादा की योजना मूर्त रूप लेने जा रही है, इस मौके पर संजय राठौर, दीक्षा सूरजेकर,सुधीर अंबेडकर, शोभा देशमुख, नीलम साहू, रोहित हारोडे, ममता दामोडे और राकेश शर्मा ने विधायक का आभार भी जताया हैं। सड़के चौड़ी और सुविधाजनक होगी सौंदर्यीकरण भी बढ़ेगा शहर में शुक्रवार को विधायक द्वारा दो करोड़ से ज्यादा की राशि से किए जा रहे विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन से जहां शहर के कई इलाकों में सडक़ चौड़ी और सुविधाजनक हो जाएगी, तो वहीं शहर में सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए भी आम जनता लंबे समय से शासन से मांग कर रही थी। वहीं शहर में नपा के किसी अधिकारी के लिए पहली बार शासकीय आवास भी बनाया जा रहा है, इससे नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका को ज्यादा समय दे पाएंगे।

## सालबर्डी पुलिया पर बड़ा हादसा टला

### 30 फीट नीचे नदी में गिरी बोलोरो, चालक सुरक्षित



**मुलताई।** महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित सालबर्डी पुलिया पर बुधवार देर रात एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट नीचे नदी में गिर गया। हादसे में वाहन चालक सुरक्षित रहा, जबकि बोलेरो को नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन रैयतवाड़ी क्षेत्र से मजदूरों को लेकर महाराष्ट्र गया था। मजदूरों को उनके गंतव्य पर छोडऩे के बाद वाहन बुधवार देर रात वापस लौट रहा था। इसी दौरान सालबर्डी पुलिया पर पहुंचते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे पुलिया से नीचे नदी में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय निवासी ईश्वर नांदगांवकर सहित अन्य ग्रामीणों की मदद से चालक को बोलेरो से सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक को मामूली चोटें आईं, जिन्हें मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सालबर्डी पुलिया पर न तो पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा रेलिंग लगी हुई है। इसी कारण यहां आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया पर सुरक्षा रेलिंग, चेतावनी संकेतक बोर्ड और स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।यह घटना सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित पुलिया और सडक़ों पर विशेष सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को उजागर करती है, खासकर रात के समय वाहनों की आवाजाही को देखते हुए।

## एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

### जिला अध्यक्ष पवार ने बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन



**मुलताई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत नगर के अंबेडकर चौक स्थित भाजपा कार्यालय में बीएलए -2 कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित रहे।

बैठक में उनके साथ भाजपा जिला सह-कोषाध्यक्ष कमलेश राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, एसआईआर विधानसभा संयोजक तुलसीराम बारस्कर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी चाणक्य, नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, निलेश चावरिया, एसआईआर नगर मंडल संयोजक अभिषेक खंडेलवाल सहित ताप्ती शक्ति केंद्र एवं आजाद शक्ति केंद्र के समर्पित बीएलए -2 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोडऩे, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने, दावा-आपत्ति एवं संशोधन कार्यों को गंभीरता से और समयबद्ध ढंग से करने पर जोर दिया। उन्होंने फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 से संबंधित प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान अभियान की रणनीति तय करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# इंदौर में मौतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, विजयवर्गीय का पुतला दहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों और 17 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सडक़ों पर उतरे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर की सडक़ों से नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे, जहां नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। इसके पश्चात पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, कांग्रेस नेता संजय यादव एवं सुमित शिवहरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान नगर में जुआ-सट्टा बंद किए जाने की मांग को लेकर भी जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा गया कि इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीला पानी पिलाए जाने से हुई 17 मौतों की जिम्मेदारी भाजपा सरकार एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की है, जिन्हें तत्काल पद से बर्खास्त किया जाए। कांग्रेस शासनकाल में लागू महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को भाजपा सरकार कमजोर कर रही है। वर्तमान में रोजगार मांगने वालों को वर्ष में औसतन 40-50 दिन ही काम मिल पा रहा है। मांग की गई कि प्रत्येक आवेदनकर्ता को 125 दिन का रोजगार दिया जाए और केंद्र सरकार अपने हिस्से की राशि यथावत रखे। मुलताई नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए हरदौली डेम से जुड़े फिल्टर प्लांट को दुरुस्त रखा जाए तथा नालियों में दबी पुरानी पाइपलाइन बदली जाए, ताकि इंदौर जैसी घटना मुलताई में न हो। वर्तमान में दो दिन में एक बार हो रही जलापूर्ति को प्रतिदिन किया जाए। हाल ही में दूषित पानी से शास्त्री वार्ड सहित अन्य वार्डों में सैकड़ों लोग बीमार पड़े थे।

नपा द्वारा दुकानों के किराए एवं टैक्स में की गई अत्यधिक वृद्धि को कम करने, खुदाई से क्षतिग्रस्त सडक़ों का तत्काल पुनर्निर्माण कराने की मांग की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के प्रयासों से पवित्र नगरी घोषित मुलताई में वर्ष 2008 में विधानसभा प्रश्न के अनुसार 14 विभागों द्वारा प्रस्तावित कार्यों-संस्कृत विद्यालय, संगीत विद्यालय, धर्मशालाओं आदि का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### शिखर मंदिर रास्ते पर दो स्थानों पर तैनात रहेंगी स्वास्थ्य टीमें

# बाबा मठारदेव मेले में अलग से रहेगा इमरजेंसी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगरपालिका सारनी के सभाकक्ष में गुरूवार को बाबा मठारदेव मेला के आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर प्रपंच आर. (आई.ए.एस.) ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, तहसीलार संध्या रावत, एसडीओपी प्रियंका करचाम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम, टीआई जयपाल इवनाती, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एव बीएमओ संजीव शर्मा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मेला एवं भंडारा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, यातायात आवागमन, झूला व्यवस्था, वन्य जीवों से सुरक्षा व्यवस्था, दान पेटियों की व्यवस्था, भंडारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था, प्लाट आवंटन, समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेले में इस वर्ष इमरजेंसी/वीआईपी मार्ग को अलग कर दिया गया है। इसे भीड़ रहित रखा जाएगा, ताकि एंबुलेंस, फायरब्रिगेड समेत अन्य इमरजेंसी वाहन आसानी से आवागमन कर सकें। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिवर्ष की तुलना में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एसडीएम प्रपंच आर. ने मेला परिसर के अलावा बांसवेडा एवं शिखर मंदिर पर भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मय स्ट्रेचर, जीवनरक्षक दवाओं के साथ उपलब्ध रखने, शिखर मार्ग पर दुकानें लगाने, शिखर मंदिर पर भंडारों पर प्रतिबंध, लेटकर एवं घुटनों के बल शिखर चढऩे पर पूर्ववत प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। बैठक के बाद एसडीएम ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों को अन्य आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग से संगीता धुर्वे, वितरण कंपनी से दीपशीखा मरकाम, मेला समिति से डीके गौतम, ओएस राजपूत, भंडारा समिति से ज्ञानेश्वर पाटिल, रूपेंद्र चौहान, तरूण पाल समेत अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### दुकानदार अपनी पुरानी जगह पर ही लगा सकेंगे दुकानें

मेले में वर्षो से आ रहे दुकानदार अपनी दुकानें पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही लगा सकेंगे। इस वर्ष मेले में प्लाट आवंटन एवं वसूली नगर पालिका विभागीय तौर पर करेगी। किसी भी ठेकेदार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। नए आने वाले दुकानदारों को नए स्थल पर आवंटन दिया जाएगा। दुकानदारों से निर्धारित न्यूनतम दर पर वसूली होगी। इसकी रसीद उन्हें दी जाएगी। एसडीएम ने इसे लेकर भी निर्देशित किया। इसके अलावा मेले में पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता की चौबीस घंटे व्यवस्था रहेगी। शिखर मंदिर से मेला परिसर तक एक साथ एलाउंसमेंट व्यवस्था, बंदरों व अन्य वन्य जीवों से बचने वन विभाग की टीमें तैनात रहेगी। बीपी, शूगर, हार्ट व अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों को शिखर पर जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मेला परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मेला परिसर में वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगी एंबुलेंस सुविधा

मेले में किसी आपात स्थिति से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर में चौबीस घंटे एंबुलेंस सुविधा रखने के निर्देश एसडीएम प्रपंच आर ने दिए है। उन्होंने मप्रपाजन कंपनी एवं डब्ल्यूसीएल की भी एक-एक एंबुलेंस पालीवार मेला परिसर में खड़ी रखने के निर्देश दिए। मेले में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं चिकित्सा सुविधा व अन्य आकस्मिक सेवाओं के नंबर सार्वजनिक किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## निर्वाचन के आउटसोर्स कर्मचारियों का विगत 4 माह से वेतन लंबित

**बैतूल।** निर्वाचन विभाग में पदस्थ स्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। इन कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि वेतन लंबित होने के कारण संबंधित कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Bank of Baroda Betul branch intends to accept the under mentioned property standing in the name of Mr. Sanjay Kumar Jain S/o Lakhmichand Jain R/o in front of MPEB Office, Gandhi Ward, Kothibazar, Betul, District-Betul (MP)-460001, as a security for a loan/credit facility requested by one of its customers. In case anyone has got any right/title/interest/claims over the undermentioned property. they are advised to approach the Bank within 10 days along with necessary proof to substantiate their claim.

If no response is receive within 10 days, it is presumed that the property is free of anycharge/claim/encumbrance and Bank Shall proceed with the mortgage.

**Details' of property:**

Land and building situated at plot no.-7/8, Nazul Sheet no.- 12 Gandhi ward, Betul (MP) having area 5000 Sq.ft. in the name of Mr. Sanjay Kumar Jain S/o Lakhmichand Jain.

**Boundaries:**

Northb: Land of Madan MohanSouth : Plot of Samuel Lajras East : Church Compound West : Road

**Branch Details:**

Branch Details- Bank of Baroda, Gokul Trade Centre Betul Ganj, Betul07141-231456

**Chandrashekhar tiwari ( Advocate)**
Mob. No.-9425361750
Civil Court Betul

## रेलवे अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब, फजीहत




**सोहागपुर।** रेलवे अस्पताल नयायार्ड में एक्सरे मशीन खराब पिछले 2 माह से चल रही है। मशीन खराब होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को भोपाल रेलवे अस्पताल में एक्सरे करवाने जाना पड़ रहा। मशीन के सुधार कार्य के लिये रेलवे अस्पताल के अधीक्षक सहित रेलवे अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है। वर्तमान में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेल्वे कर्मचारी और उनके परिवारजनों को प्राइवेट अस्पताल में एक्सरे करवाने के लिए मजबूर होना पड रहा है, जिससे उन्हें भारी दिक्कते आ रही है।

## रेलवे मजदूर संघ ने किया एसएस का स्वागत

**इटारसी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुख्य शाखा द्वारा संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त स्टेशन प्रबंधक विनोद चौधरी का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व स्टेशन प्रबंधक शुभेंदु राय भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा द्वारा युवा जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है।

### वार्ड में बिछी पाइपलाइन की गुणवत्ता पर पार्षद ने उठाए सवाल, ठेकेदार पर निशाना

# वार्ड 4 में नालियों में बिछी पाइपलाइन से हो रहा पेयजल सप्लाई, पार्षद ने दिया ज्ञापन

इटारसी में हर रोज वार्डो से पेयजल सप्लाई पाईपलाइन की बदहाली की शिकायतें सामने आ रही है, अब वार्ड 4 में पार्षद ने ज्ञापन दिया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इंदौर में दूषित पेयजल से नागरिकों की मौत के बाद प्रदेश भर में हड़कंप मचा हुआ है इटारसी में भी लगातार नालियों एवं गंदगी के बीच बिछी टूटी फूटी पाइप लाइन के मामले हर रोज सामने आ रहे हैं। अब वार्ड नंबर 4 के पार्षद शिवकिशोर रावत ने अपने वार्ड में नाली के बीच से होकर गुजरने वाली पेयजल पाइपलाइन का मामला उठाया है। पार्षद रावत ने घटिया स्तर की पेयजल पाइपलाइन बिछाने वाले ठेकेदार को भी आड़े हाथ लिया है।

पार्षद रावत ने नपा अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत बताते हुए कहा कि कई वर्षों से हमारे वार्ड में गंदगी और नालियों के अंदर से पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई है जिससे नागरिकों को कई वर्षों से प्रदूषित पेयजल मिल रहा है। वही इन पाइपलाइन में कुछ महीनो के बाद टूट-फूट की शिकायत आने लगती है। पिछले डेढ़ 2 महीने पहले ही वार्ड में कई जगह पाइपलाइन बिछाई गई थी जिसमें अब डैमेज आ गया है इससे यह साफ है कि पाइपलाइन सप्लाई करने वाला ठेकेदार फर्म घटिया स्तर की पाइपलाइन दी हैं।

### वार्ड 3 में दूषित पानी का खतरा, युवा कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई जनहानि और प्रशासनिक लापरवाही के खतरे की आहट वार्ड 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भी महसूस की जा रही है। गुरुवार को युवा कांग्रेस ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नगर के कई हिस्सों में गंदे पानी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। पाइपलाइनों के लीकेज और ड्रेनेज के साथ उनके जुड़ाव की आशंका ने निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी गोल्डी, वार्ड-3 के पार्षद नारायण सिंह ठाकुर, प्रदेश महासचिव अक्षय जायसवाल, युकां के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी शशांक बैस, जिला महासचिव पंकज चौधरी, आकाश चौधरी और अंशुल गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पार्षद नारायण सिंह ठाकुर और गौरव चौधरी ने कहा, हम शहरवासियों की जान जोखिम में नहीं डालने देंगे। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की पेयजल समस्या का अगर तत्काल निराकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा।

### नागरिकों ने पार्षद को बताई समस्या



पार्षद रावत ने बताया ने सीएमओ एवं नपाध्यक्ष को ज्ञापन देकर कहा कि वार्ड के नलों से बदबूदार और मिट्टी मिला पानी आने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नपा ने जो पानी की लाइन बिछाई है वह पीने की बात तो दूर निस्तार के लायक भी नहीं माना जा रहा है नल चालू करने पर शुरुआती 10 मिनट में बदबूदार पानी आता है। पूर्व में भी मेरे द्वारा समस्या को लेकर पत्राचार किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पार्षद रावत ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि पिछले महीनों में वार्ड में बदली गई पेयजल पाइपलाइन में से अधिकांश सड़ चुकी है, उन लाइनों में जो वाल्व लगाए गए थे वह भी सब नालियों में होने के चलते सड़ चुके हैं। नपा को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि जो ठेकदार सप्लाई कर रहा है वह कितनी गुणवत्ता युक्त है।

## एसपी थोटा ने कहा, सीसीटीवी से मिले युवती की हत्या के सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यूयार्ड क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई अज्ञात युवती की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस अब खुलासे के बेहद करीब है। गुरुवार को नर्मदापुरम एसपी साईं कृष्ण एस. थोटा स्वयं इटारसी थाने पहुंचे और जांच की प्रगति की समीक्षा की। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस के हाथ कई महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्य लगे हैं, जिनके आधार पर टीमें लगातार संदिग्धों की घेराबंदी कर रही हैं।

**शॉर्ट पीएम रिपोर्ट:** सिर कुचलना ही मौत का कारणएसपी थोटा ने बताया कि शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, युवती की मौत सिर पर भारी पत्थर से वार करने के कारण हुई है। पिछले दो दिनों से चल रही कई तरह की अटकलों पर विराम लगाते हुए एसपी ने साफ किया कि शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में फिलहाल किसी भी प्रकार के यौन उत्पीडन या दुष्कर्म जैसी बात सामने नहीं आई है। मृतका के शरीर पर सिर के अलावा अन्य किसी गंभीर चोट के निशान भी नहीं मिले हैं।

**सीसीटीवी फुटेज से सुलझेगी गुत्थी:** घटनास्थल नागपुर रेल लाइन, तीन पुलिया के आसपास और शहर के अन्य प्रवेश मार्गों के सीसीटीवी कैमरों की पुलिस ने गहन तलाशी ली है। एसपी ने बताया कि फुटेज से कुछ ऐसे संकेत मिले हैं जो आरोपी तक पहुंचने में गोल्डन क्लू साबित हो सकते हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें युवती की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के जिलों और थानों में भी संपर्क साध रही हैं।

### पहचान के अभाव में उलझा अंधा कत्ल

मृतका की उम्र लगभग 18 से 20 वर्ष के बीच है, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस का मानना है कि पहचान होते ही हत्या की वजह और आरोपी का चेहरा बेनकाब हो जाएगा। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की सक्रियता को देखते हुए माना जा रहा है कि अगले 24 से 48 घंटों में इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा हो सकता है।

## वार्ड 28 में नागरिकों को पानी की समस्या से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के वार्ड 28 में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में गुरुवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। वार्डवासियों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक निधि से स्वीकृत नए ट्यूबवेल का विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद वंदना ओझा और ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा ने संयुक्त रूप से कुदाल चलाकर खनन कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

**बढ़ती आबादी और पानी की मांग:** नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि परिषद का लक्ष्य शहर के हर वार्ड में पानी की सुचारू सप्लाई सुनिश्चित करना है। वार्ड 28 में ट्यूबवेल खनन से प्रेशर की समस्या खत्म होगी और अंतिम छोर तक पानी पहुंच सकेगा। जितेंद्र ओझा ने बताया कि विधायक डॉ. सीताशरन शर्मा सदैव जनसुविधाओं के लिए तत्पर रहते हैं, उन्हीं के प्रयासों से यह सौगात मिली है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद राजेंद्र जोशी, सुरेश भावसार, सुनील तिवारी, अभिषेक ओझा, धर्मेश सोलंकी, अशोक शर्मा, अन्नू भाईजान, धर्मेंद्र रणसूरमा, शैलेन्द्र पाली, कल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## सोहागपुर विधानसभा में एसआईआर अंतर्गत नॉन मैप्ड 2186 मतदाताओं का सत्यापन जारी, चार सत्यापन केंद्रों में आरओ तथा एआरओ कर रहे सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया कुछ माह पर्व पूर्व शुरू की गई थी। जिसके प्रथम चरण में मतदाताओं ने अपने आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए थे। लेकिन जो मतदाता नॉन मैपिंग श्रेणी में रहे उनके साथ दस्तावेजों को सत्यापन अब जारी है।

एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें वर्ष 2003 के पूर्व के दस्तावेज मतदाताओं से मांगे गए थे। दस्तावेज सिद्ध कर रहे थे कि जिस व्यक्ति द्वारा दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं, वह स्वयं देश का सिद्ध मतदाता है। लेकिन निर्धारित तिथि तक कई मतदाता अपने दस्तावेज जमा करने से वंचित रह गए, जिन्हें नॉन मैपिंग श्रेणी में रखा गया था। अब नॉन मैपिंग वोटर के दस्तावेजों का सत्यापन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार सभी जगह किया जा रहा है। सोहागपुर विधानसभा में चार मैपिंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। बताया जाता है कि नॉन मैप्ड वोटर्स के दस्तावेजों के वेरिफिकेशन का कार्य 20 जनवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना है।

### 2186 वोटर्स हैं नॉन मैप्ड

जानकारी अनुसार नॉन मैपिंग स्टेटस पर 2186 मतदाताओं को नोटिस वितरित किए गए हैं। इन सभी नोटिस के बाद मतदाताओं से दस्तावेज पूर्णता के लिए पेशियां भी विधानसभा क्षेत्र में चार स्थानों पर की जा रही हैं।

सोहागपुर में एक वेरिफिकेशन स्थल नई तहसील कार्यालय में है जहां तहसीलदार दस्तावेज वेरीफाई कर रहे हैं। दूसरा स्थल एसडीएम कार्यालय में है, जहां रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। जबकि माखन नगर व इटारसी में एक-एक स्थल पर दस्तावेजों का सत्यापन एआरओ कर रहे हैं।

### दस्तावेजों का विभाजन

हरिभूमि से चर्चा में एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि एक आरओ व तीन एआरओ के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के 2186 मतदाताओं के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। 1183 मतदाताओं के दस्तावेज दो केंद्रों पर वेरीफाई किए जाएंगे। वहीं इटारसी तथा रामपुर क्षेत्र के 316 मतदाताओं के दस्तावेज इटारसी में एआरओ द्वारा वेरीफाई किये जा रहे हैं। माखन नगर में भी 687 नॉन मैप्ड मतदाताओं के दस्तावेज सत्यापित किये जा रहे हैं।

### आवश्यक ये दस्तावेज

एसडीएम भल्लावी के अनुसार जो जुलाई 1987 के पूर्व जन्मे है, उन्हें सत्यापन के लिए जन्म स्थल का प्रमाण पत्र देना होगा। वहीं एक जुलाई 1987 से दो दिसंबर 2003 के बीच जन्मे मतदाता स्वयं के जन्म स्थल के प्रमाण पत्र सहित माता अथवा पिता के जन्म का प्रमाण पत्र जमा करेंगे। जो 2004 के बाद जन्में है, वे स्वयं के तथा माता एवं पिता अर्थात तीनों के जन्म के प्रमाण पत्रों को अपने मतदाता होने के समर्थन के रूप में प्रस्तुत करेंगे। गैर भारतीय मतदाता को अपने जन्म के समय माता-पिता के वैध पासपोर्ट वीजा की एक प्रति देना होगा।

## 'कॉलेज चलो अभियान' शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने जाना उच्चशिक्षा में भविष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'कालेज चलो अभियान' के तहत शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य की संभावनाओं को करीब से समझा। कोर्स और करियर की मिली जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि यहां पारंपरिक बीए, बीएससी के अलावा बीएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी कंप्यूटर साइंस और एईडीपी जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपनी रुचि के अनुसार सही कोर्स का चयन करें। ई-प्रवेश प्रक्रिया का मिला मार्ग दर्शन अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि तिवारी ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्रवेश प्रक्रिया की बारीकियां समझाई। उन्होंने ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से विषय चयन और पंजीयन की सरल विधि बताई।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, कार्तिकेय पटेल सहित विद्यालय के शिक्षक योगेश शुक्ला व देवेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई न्यूयार्ड की नई सड़क रेलवे मजदूर संघ ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यू यार्ड डीजल शेड से मेहरागांव नदी तक लाखों की लागत से बनी नई सड़क अपनी गुणवत्ता की पोल खोल रही है। भारी विरोध और आंदोलनों के बाद बनी यह सड़क चंद महीनों में ही गड्ढों और दरारों में तब्दील हो गई है। स्थानीय निवासियों ने इसे भ्रष्टाचारी सड़क का नाम दिया है, जहां फिर से हादसों का डर सताने लगा है।

### सड़क बनते ही शुरू हुई खुदाई

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण के तुरंत बाद रेलवे के ठेकेदारों ने पाइपलाइन और वायरिंग के नाम पर इसे जगह-जगह से खोद दिया। जनता का सवाल है कि सड़क बनाने से पहले ये कार्य क्यों नहीं किए गए? इंजीनियरिंग विभाग और ठेकेदारों की इस आपसी खींचतान में जनता के टैक्स का पैसा बर्बाद हो रहा है और सड़क की नई परत पूरी तरह उखड़ चुकी है।

### यूनियन का अल्टीमेटम, ठीक करो वरना होगा प्रदर्शन

सड़क की बदहाली पर आक्रोश जताते हुए वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ डीजल शाखा के अध्यक्ष महाकालेश्वर कश्यप ने कहा कि रात के अंधेरे में खराब सड़क और कम रोशनी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इंजीनियरिंग विभाग ने जल्द ही सड़क का गुणवत्तापूर्ण सुधार नहीं किया, तो संघ उग्र प्रदर्शन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी।

## शोभापुर में हुआ नेत्र शिविर आयोजित, निशुल्क ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति नर्मदापुरम द्वारा परमहंस संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद व सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से मंगलवार को शोभापुर में नेत्र शिविर आयोजित किया गया है। नेत्र रोगियों के लिए स्व. सेठ बैजनाथ मालपानी की स्मृति में माहेश्वरी समाज शोभापुर ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र रोग निदान व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शोभापुर में किया। जिसमें 62 मरीजों की जांच की गई व ऑपरेशन के लिये 31 मरीज तय किये गए। 25 मरीजों को बस से सेवा सदन ले जाया गया व शेष को आठ जनवरी को ले जाया जाएगा। शिविर में सेवा सदन के चिकित्सकों सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील निगम, नेत्र रोग सहायक अशोक कुमार शाक्य, जगमोहन गट्टानी, जगमोहन बाहेती, अशोक मालपानी अध्यक्ष, मुरली मूंदड़ा सचिव, श्याम मालपानी, आदि ने सहयोग किया।

### विधायक डॉ. शर्मा की मांग पर नर्मदापुरम जिला जोड़ने हेतु दिल्ली को पत्र



इटारसी। क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की मांग पर मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने भारत सरकार को पत्र लिखते हुए नर्मदापुरम जिले को Smile Beggary Scheme में जोड़ने का अनुरोध किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नर्मदापुरम धार्मिक नगरी होने के कारण जिले में भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों की संख्या अधिक है। जिसके मद्देनज़र विधायक डॉ. शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को 7 जुलाई 2025 को पत्र लिखकर नर्मदापुरम जिले को योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई थी। इसके क्रम में सामाजिक न्याय विभाग ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली को पत्र भेजा है। योजना से जिले में भिक्षावृत्ति उन्मूलन, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापन के प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सोहागपुर**

रा.प्र.क्र. 0034/अ-20 (3) / वर्ष 2025-26

**उद्घोषणा**

आवेदक श्री गोविंदराम मेहरा आ. स्व. श्री बाबूलाल मेहरा, निवासी गौतम वार्ड सोहागपुर तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगर सोहागपुर स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 16डी प्लाट नंबर 49 रकबा 318.00 वर्गमीटर भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता के नाम से दर्ज है। आवेदक के पिता श्री बाबूलाल आ. गनपत की मृत्यु दिनांक 19/08/1991 को हो चुकी है, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति प्रकरण में संलग्न है, वारिसों में पुत्री हीराबाई लाऔलाद फौत हो चुकी है परंतु मृतिका हीराबाई की मृत्यु का पंजीयन न होने के कारण उनका मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। आवेदक ने नजूल भूमि शीट नंबर 16डी प्लाट नंबर 49 रकबा 318.00 वर्गमीटर भूमि के नजूल अभिलेख से उनके पिता श्री बाबूलाल आ. गनपत का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित किया जाकर मृतक के नाम के स्थान पर उनके वैध वारसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। अतएव सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह प्रकाशित किया जाता है कि मृतक हीराबाई की मृत्यु के संबंध में तथा स्व. श्री बाबूलाल मेहरा निवासी गौतम वार्ड सोहागपुर तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के वैध वारसानो में आवेदकगणों के नाम प्रश्नाधीन भूमि के नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 21/01/2026 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद के प्राप्त आपत्ति अथवा दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जाता है।

**नजूल अधिकारी सोहागपुर**

**कार्यालय नगर परिषद माखन नगर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

Phone & Fax no. (07574)-259687 cmomakhannagar.mpurban@gmail.com

क्र. 1034/ राजस्व/ न.प./ 2026 माखन नगर, दिनांक 08/01/2026

// नामांत्रण सूचना //

| क्र. | तबदीली करने वाले का नाम | जिसके हक में तवदीली की गई | वार्ड | स्थान | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विमला बाई दामोदर अग्रवाल | विनोद / दामोदर अग्रवाल | 2 | गायत्री कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 2 | गायत्री बाई/राधिकाचरण पाण्डे | जानकी केवट / रामभरोस केवट | 2 | गायत्री कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 3 | अनुराधा चतुवेर्दी/ गिरिजा शंकर चतुवेर्दी | आशा चौहान/भीम सिंह चौहान | 2 | गायत्री कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 4 | ठाकुर लाल सैनी/ नोबत लाल सैनी | कुलदीप / ठाकुरलाल सैनी | 2 | बागरा रोड | फौती |
| 5 | बारेलाल बाबूलाल बसोड़ | कलाबाई/बारेलाल बसोड़ | 2 | बागरा रोड | फौती |
| 6 | मोहम्मद शब्बीर / मोहब्बत सुबराती | मोहम्मद खालिद / मोहम्मद सन्नी | 2 | गायत्री कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 7 | सुशीला बाई/टीकाराम सेनापत | प्रभाकर, राधा मुकुंद / कृष्णकुमार सेनापत | 7 | मेन रोड माखन नगर | फौती |
| 8 | प्रभा मालवीय / खिलाडी मालवीय | बसंती / कैलाश यादव सुनीता / गेंदालाल यादव | 7 | बालाजी कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 9 | बालक दास मूलचंद/ शकुन बाई/ बालक दास | फरीदा बी/जहूर खान | 7 | कुठारिया | रजिस्ट्री |
| 10 | राम सिंह चाचोडिया/ लक्ष्मी नारायण | सरिता नामदेव / राम शंकर नामदेव | 7 | एचडीएफसी बैक के पीछे | रजिस्ट्री |
| 11 | प्रेम नारायण / गुलाब सिंह | परवीन खान / हुसैन खान | 7 | मेन रोड माखन नगर | रजिस्ट्री |
| 12 | मुकेश कुमार सोनी / वृन्दावन लाल सोनी | सुनील कुमार अग्रवाल / शिव प्रसाद अग्रवाल | 7 | मंडी के सामने | रजिस्ट्री |
| 13 | राजकुमारी मेवारी / रामलाल मेवारी | रोशनी गुप्ता / दीपक गुप्ता | 7 | कुठारिया | रजिस्ट्री |
| 14 | तरूण शांति दीपक पवन / कृष्ण कुमार गौर | सचिन कुमार / लालू प्रसाद बंदीबाल | 8 | क्रशांति विहार कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 15 | तरूण शांति दीपक पवन / कृष्ण कुमार गौर | अनुप्रिया / आदित्य यादव | 8 | क्रशांति विहार कॉलोनी | रजिस्ट्री |
| 16 | विनोद लालवानी/लाहौरी मल लालवानी | पूजा शर्मा/ राजेश शर्मा | 8 | सांई माखन परिसर | रजिस्ट्री |
| 17 | संतोष सिंह/शेर सिंह राजपूत | सोनिका बैरागी / विवेक वैष्णव | 8 | संतोष नगर | रजिस्ट्री |
| 18 | मनोज कुमार / राजेंद्र कुमार भदोरिया | सना अंजुम खान / हामिद खान | 8 | सांई माखन परिसर | रजिस्ट्री |
| 19 | सैयदशहीद अली / हुसैन अली | अनवर खान / चांद खान | 8 | टांडा मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 20 | सुलभ जैन / संतोष कुमार जैन | महंत नारायण दास/ राम किशोर दास | 8 | मेन रोड माखन नगर | रजिस्ट्री |
| 21 | पवन कुमार / मुरारी लाल शर्मा | सुष्मिता शर्मा / यश शर्मा | 8 | ठाकुर मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 22 | महेश दुबे / विजय कुमार दुबे | राजेंद्र राजपूत / राम सिंह राजपूत | 8 | ठाकुर मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 23 | बाबू / याकूब खान | अशफाक खान / बाबू खान | 10 | टांडा मोहल्ला | फौती |
| 24 | रीघा कहार / रामप्रसाद कहार | लीला बाई/फुलचंद कहार / रीधा कहार | 10 | कहार मोहल्ला | फौती |
| 25 | आशा उर्फ सोना बाई / देवेन्द्र पाल | निशा / रमाकांत मालवीय | 13 | अहीर मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 26 | मजहर / मुनव्वर अली | साबिर अली / मजहर अली | 13 | किला मोहल्ला | फौती |
| 27 | छुग्गलबाई/बाबूलाल घावरी | अशोक घावरी श्यामलाल / बाबूलाल घावरी | 14 | मेहतर मोहल्ला | फौती |
| 28 | राधाबाई दोहरे / कालूराम दोहरे | अंकित जयदीप राहुल /कालूराम दोहरे | 14 | मेहतर मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 29 | कृष्णकांत तिवारी / शिवनंदन तिवारी | मीराबाई जैन / अभय कुमार जैन | 15 | पटेल मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 30 | गंगाबाई / कन्हैया लाल मोदी | अशोक मीना ममता/ कन्हैया लाल अग्रवाल ममता / संतोष | 15 | मंगलवार रोड | फौती |
| 31 | मोहनलाल साहू / सुंदर लाल साहू | मंगल सिंह राजपूत / लखन सिंह राजपूत | 15 | अहीर मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 32 | रेतराम कहार / कालू राम कहार | अंगूरी, नर्मदा, रेवाराम, सेवाराम श्रीराम / रेतराम कहार | 15 | पुराने थोन के पीछे | फौती |
| 33 | प्रहलाद दास पुरोहित / लखनलाल पुरोहित | अभिनेष पुरोहित / प्रहलाद दास पुरोहित | 15 | पटेल मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 34 | प्रहलाद दास पुरोहित / लखनलाल पुरोहित | अभिनेष दीपेश/ प्रहलाद दास पुरोहित | 15 | मंगलवार रोड | रजिस्ट्री |
| 35 | प्रहलाद दास पुरोहित / लखनलाल पुरोहित | अभिनेष दीपेश नितेश पुरोहित / प्रहलाद दास पुरोहित | 15 | पटेल मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 36 | प्रहलाद दास पुरोहित / लखनलाल पुरोहित | नितेश पुरोहित / प्रहलाददास पुरोहित | 15 | मंगलवार रोड | रजिस्ट्री |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उपरोक्तानुसार व्यक्तियों के नामांतरण किए जांना है जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह इस कार्यालय में 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। सूचित हो।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद माखन नगर

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में जारी है हिंदू सम्मेलन

# द्वारिकाधीश मंदिर में 11 को जुटेगा हिंदु समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित किए जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में 11 जनवरी, रविवार को इटारसी की द्वारिका बस्ती का सम्मेलन आयोजित होगा। यह भव्य कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर में होगा। सम्मेलन की तैयारियों के निमित्त द्वारिका बस्ती के श्री इच्छापूर्ति गणेश मंदिर एवं 13 वीं लाइन स्थित हनुमान मंदिर में भारत माता की आरती की गई। समिति की संयोजक हेमा पुरोहित ने बताया कि इस सम्मेलन में बस्ती के प्रत्येक घर से मातृशक्ति, युवा और बच्चों सहित पूरा हिंदू परिवार सम्मिलित होगा। शहर की चार बस्तियों में सफल आयोजनों के बाद अब द्वारिका बस्ती में इसे लेकर भारी उत्साह है।

इस दौरान सहसंयोजक कीर्ति दुबे, सचिव दीपक बस्तवार, सहसचिव राजेंद्र शर्मा, सहकोषाध्यक्ष मुकेश सोनी, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख बॉबी बस्तवार, तनिष्क जायसवाल, रेखा वैष्णव, संध्या माहेश्वरी, बीना तिवारी, भारती पांडे, अंजना पटेल, अर्चना मालवीय, नीतिका जैन, निशा पाली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पारंपरिक खेल पिट्टू के प्रोमो का आयोजन



खेलो एमपी में कुछ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए और हमारे प्रदेश के नौजवानों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने के लिए पिट्टू को जोड़ा गया है। मध्यप्रदेश पिट्टू एसोसिएशन द्वारा प्रदेश के सभी संभाग में जिला स्तर पर सचिव की नियुक्तियां की गई है, जिसमें नर्मदापुरम जिले के लिए जीनियस प्लानेट स्कूल के संचालक जाफर सिद्दीकी को सचिव नियुक्त किया गया है। गुरुवार को नर्मदापुरम पिट्टू एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी अध्यक्ष अशोक मालवीय, सचिव मोहम्मद जाफर सिद्दीकी तथा कॉरपोरेट देवेंद्र परिहार के साथ खेल एवं युवक कल्याण से महेंद्र पचलानियाने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा से मुलाकात की और आगामी ब्लॉक, जिला तथा संभाग स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता की जानकारी दी। जानकारी देते हुए सचिव जाफर सिद्दीकी ने बताया कि खेल एवं युवक कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा पारंपरिक खेल पिट्टू को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार 11 बजे जयस्तंभ चौक पर पिट्टू प्रोमो रखा गया है। जिसमें स्थानीय विधायक डॉ शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते हुए 9 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना पुलिस ने बीती रात जुआ खेलते हुए 9 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी मुकेश गोड़ ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति इमरान खान के घर के पीछे नाले में जुआ खेल रहे हैं। आरोपी रात के अंधेरे में मोबाइल की टॉर्च के उजाले में ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से 5 मोबाइल फोन और 30,900 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाहरुख कुरैशी (30), एजाज कुरैशी (30), अनवर खान (29), मुस्ताक बाठिया (38), सत्यम यादव (30), संदीप मिश्रा (26), छोटू खान (18), अमन चावला (35) और इमरान शाह (32) शामिल हैं। ये सभी टिमरनी के विभिन्न मोहल्लों के निवासी हैं।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति किया गया जागरुक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर द्वारा 5 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक जिले में "कॉलेज चलो अभियान" का प्रथम संचालित किया गया। इस एक माह की अवधि में अभियान समिति द्वारा जिले के 25 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का भ्रमण किया गया, जिसमें कुल 710 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना एवं कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी देना था। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रिया, एनसीसी, एनएसएस, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एमएस ऑफिस, उन्नति कक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में कॉलेज के प्राध्यापकों एवं डॉ प्रमिला जैन की अध्यक्षता में गठित की गई कॉलेज चलो अभियान समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तैलिक सभा के चुनाव 11 जनवरी को

**रेहटी।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव आगामी 11 जनवरी को सलकनपुर में आयोजित किए गए हैं जिसमें प्रदेश भर के करीब 1400 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी को नियुक्त किया गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में डॉ सियाराम साहू (पूर्व संसदीय सचिव) रायपुर होंगे। साहू ने बताया की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्रति उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। 10 जनवरी को नामांकन एवं 11 जनवरी को श्री देवी (विजयासन) धर्मशाला सीढ़ी मार्ग सलकनपुर जिला सीहोर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव होंगे। साहू ने स्पष्ट किया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रत्याशी को एक जिला अध्यक्ष प्रस्तावक एवं चार जिला अध्यक्ष का समर्थन आवश्यक है तथा चुनाव हेतु 50 हजार रुपए की राशि डिमांड ड्राफ्ट या नकद स्वीकार की जायेगी।

### खाटूश्याम कथा चार दिन तक होगा नगर में प्रथम दिव्य आयोजन

**सीहोर।** सिद्धपुर की पावन नगरी सीहोर में प्रथम बार हारे के सहारे खाटूश्याम बाबा की कथा का आयोजन नगर में होने जा रहा है, जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने घर-घर आमंत्रण पत्रों का वितरण कर नगर में हो रही खाटू श्याम की कथा का निमंत्रण दिया जा रहा है।

### वन, वन्यजीवों व पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली विद्यार्थियों को शिविर में जागरुक किया

# 'हम है धरती के दूत, मैं भी बाघ एवं हम हैं बदलाव की जानकारी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

**वन, वन्यजीवों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, प्रशिक्षण, प्रचार सह-जागरूकता शिविर आयोजित हुआ है।**

राकेश लहरी उप वनमण्डल अधिकारी दक्षिण हरदा के समन्वय, तहसीलदार रहटगांव देवशंकर ध्रुर्वे नीता शाह वन परिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी सामान्य की उपस्थिति में ₹अनुभूति कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। अनुभूति शिविर में शासकीय हाई स्कूल कचनार, शासकीय हाई स्कूल बोरपानी के कुल 135 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं वन परिक्षेत्र बोरपानी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समस्त छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन एवं प्रकृति पथ पर भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात परिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी



द्वारा वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण और मिशन लाइफ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अनुभूति प्रेरकों द्वारा अनुभूति थीम हम है धरती के दूत, मैं भी बाघ एवं हम हैं बदलाव की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रकृति पथ भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को पारिस्थितिक तंत्र में वन, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के साथ-साथ विभिन्न जीव-जंतुओं के मध्य पारस्परिक संबंध को समझाया गया। इस सत्र में नेचर मेडिटेशन और खाद्य श्रृंखला पर आधारित खेल भी आयोजित किए गए। तत्पश्चात, बच्चों ने खेल-खेल में वन एवं पर्यावरण संरक्षण, शिक्षण के अंतर्गत खाद्य जाल आदि को रोचक ढंग से सीखा। प्रेरकों द्वारा बिना सिले कपड़े से थैली बनाना सिखाया गया तथा मैं भी बाघ एवं हम हैं बदलाव गीत पर नृत्य करवाया गया। इसके अतिरिक्त, हू एम आई खेल और जंगल की अदालत₹ नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को वनो, वन्यजीवों एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं मिशन लाइफ के अनुरूप संवहनीय जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।

### टिमरनी क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने दिए जिले के कृषकों को मत्स्योपादन से जोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के टिमरनी विकासखण्ड के धनगांव निवासी महेश गौर ने मत्स्य उद्योग विभाग की योजना का फायदा लेने अपने खेत की 0.1 हेक्टेयर भूमि में मत्स्योत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होने विगत सीजन में इस तालाब से डेढ़ लाख रूपये की मछली का विक्रय किया। इसी तरह ग्राम उड़ा की कृषक वंदना संजय बांके भी अपने खेत में बनाये तालाब से मत्स्योत्पादन कर लाभ कमा रहीं है। उक्त दोनों कृषक मत्स्योद्योग विभाग की इस योजना से प्रसन्न हैं एवं मिल रहे मुनाफे को फायदेमंद बताते हैं।

बुधवार को जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने उक्त दोनों मत्स्योत्पादक तालाबों का अवलोकन किया। उन्होने विभागीय अधिकारियों को जिले के अन्य कृषकों को भी मत्स्योत्पादन से जोड़ने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अपने भ्रमण में रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होने यहां आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने अस्पताल भवन में चिकित्सकों के फोन नम्बर अंकित कराने के भी निर्देश दिये।




ग्राम फुलड़ी के हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने परीक्षा परिणामों की जानकारी ली। साथ ही स्कूल परिसर से अतिक्रमण हटाने के मौजूद राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्कल परिसर में एक हेण्डपम्प लगाने एवं स्कूल पहुँचने वाले मार्ग का पक्का निर्माण कराने के लिये भी अधिकारियों को निर्देशित किया। रहटगांव के शासकीय एकीकृत काशीबाई पालीवाल कन्या हाई स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कर शिक्षकों को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के निर्देश दिये। उन्होने यहां कोडिंग सीख रहे विद्यार्थियों से भी चर्चा की। रहटगांव में ही शासकीय जूनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में उन्होने छात्राओं की आवास एवं भोजन निर्माण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार नागू, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण रवि कन्नौजिया, जिला शिक्षा केन्द्र के परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कैसा है विधि का विधान: निराला तेरा खेल जिसको होना था राजतिलक हो गया वनवास

### बालागांव के शंकर मंदिर परिसर में चल रही है रामलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भगवान बालेश्वर धाम बालागांव में शिवशक्ति रामलीला मंडल बालागांव के तत्वावधान में शंकर मंदिर परिसर में रामलीला चल रही है। रामलीला मंडल के युवाओं ने कैकई दशरथ संवाद और राम वनवास का रोचक मंचन किया।

जिसमें बालागांव के युवा कलाकारों ने रामचरित्र मानस के आधार पर अपनी कला का प्रदर्शन जमकर किया। कैसा है विधि का विधान जिसको होना था राजतिलक और पहुंच गए वन में। राक्षस प्रजाति अधिक होने के कारण महात्मा साधु मुनि अपनी तपस्या करते थे। तब अधिक विघ्न होने के कारण सभी देवताओं ने मिलकर पुकार की और सरस्वती माता से पूरी व्यथा सुनाई। माता ने भी आशीर्वाद दिया और उनका काम करने में सहायता की राजा दशरथ की तीन रानियां थी कौशल्या केकई और सुमित्रा जिसने सबसे प्रिय रानी राजा दशरथ की। देवासुर संग्राम में राजा दशरथ लड़ते लड़ते मूर्छित रथ पर हो गए थे रानी के कई उनकी चतुराई से राजा को सकुशल वापस



अयोध्या ले आई। तभी राजा दशरथ ने प्रसन्न होकर उन्हें दो वरदान दिया। भगवान राम को वनवास दिलवाने में मंथरा की अहम भूमिका रही। समय आने पर राजा दशरथ से कैकई ने वही अपने दो वरदान मांग लिऐ। राम लक्ष्मण को वनवास और भरत शत्रुघ्न को राज यह सुनकर राजा ने मना बोला कि आप मुझसे सभी चीज मांग लो। मेरा सबसे प्रिय आंखों का तारा राम को वनवास मत दो। इससे क्रोधित होकर के कई ने त्रिया चरित्र फैलाकर को भवन में चली गई। अयोध्या के सभी नर नारी जी भगवान के साथ बन जाने के लिए तैयार हो गए। वन में जाते वक्त सब गहरी नींद में सोए हुए थे। भगवान राम लक्ष्मण सहित वन को आगे निकल गए और सबसे प्रिय राजा दशरथ के संबंध पितातुल्य राजाराम ने सुमंत से कहा कि आप पिताजी से ऐसा कुछ मत कहना जिसे पिताजी और अधिक व्याकुल हो गए। राम दशरथ कैकई संवाद और राम बनवास का मंचन देख कर रामलीला देखने आई समस्त श्रद्धालु की आंखों नम हो गई। तभी आंसू निकल पड़े ऐसी कला ग्राम बालागांव के युवाओं ने मंच पर बखूबी निभाई।

### मरीजों से दुर्व्यवहार का आरोप

# शिकायत पर जिला अस्पताल से डॉ. प्रियंका का संविदा अनुबंध समाप्त

**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश ने संविदा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका शारदे का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। यह कार्रवाई जिला चिकित्सालय हरदा में उनके खिलाफ मरीजों से दुर्व्यवहार, प्रसव के लिए अनाधिकृत राशि मांगने और कर्तव्यों में लापरवाही की कई शिकायतों के बाद की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. शारदे पर कई हितग्राहियों ने सिजेरियन ऑपरेशन के बदले 8 हजार रूपये की अनाधिकृत राशि मांगने का आरोप लगाया था। जांच समिति के निरीक्षण के दौरान अन्य नवजातों के माता-पिता ने भी 5 हजार से 8 हजार रूपये तक की राशि देने की जानकारी दी थी। डॉ. शारदे के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एक जांच टीम का गठन किया गया था, जिसने विभिन्न लोगों के बयान दर्ज किए। सिटी कोतवाली के एएसआई जितेंद्र सिंह राजपूत और आरक्षक हरिप्रसाद पटेल ने बताया कि डॉ. शारदे ने मरीजों और उनके परिजनों से अनावश्यक विवाद कर अभद्र व्यवहार किया था। महिला थाने में पदस्थ आरक्षक उमा सेंगर ने शिकायत की थी कि डॉ. शारदे ने एक बलात्कार पीड़िता की एमएलसी करने में आनाकानी की और उसे भोपाल जाने को कहा। शहर के टंकी मोहल्ले की गर्भवती महिला रक्षा मेषकर ने बताया कि डॉ. शारदे ने उसे सातवें महीने में सिजेरियन डिलीवरी की बात कहकर पैसों की मांग की थी, जबकि बाद में उसकी नौवें महीने में सामान्य डिलीवरी हुई। एक अन्य मामले में, दिव्यांग महिला संगीता गौर से पेट में पानी सूखने और टेबल पर लेट न पाने का हवाला देकर आठ हजार रुपए की मांग की गई थी। भोपाल जाते समय मरीज और उसके परिजनों से अभद्रता भी की गई। बाद में दिव्यांग महिला ने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में सहज ऑपरेशन से जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। इन सभी गंभीर शिकायतों के आधार पर डॉ. प्रियंका शारदे के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

# रोजगार मेले में 83 युवाओं का प्राथमिक चयन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय आई टी आई हरदा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में पांच कंपनियों ने भाग लेकर कूल 83 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किये। इस दौरान 14 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया गया। मेले में 110 आवेदको ने अपना पंजीयन कराया था। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। साथ ही कॉउंसलर्स द्वारा 30 युवक युवतियों की काउंसलिंग भी की गई।

# आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज, जांच जारी

### दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिराली थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला ने 4 लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। महिला ने आरोप लगाया है कि मंगलवार रात उसे ढाबे पर काम के बहाने बुलाया गया और शराब पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

खिरकिया एसडीओपी रॉबर्ट गिरवाल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। बुधवार शाम को पीड़िता ने डायल 112 पर शिकायत की थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को महिला ने बताया कि खुदिया गांव के पास एक ढाबे पर ढाबा संचालक ने उसे काम पर बुलाया था। पीड़िता के अनुसार, काम करवाने के बजाय ढाबा संचालक आनंद ने उसे शराब के नशे में गलत काम किया। उसके चार अन्य सहयोगियों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सभी आरोपी शराब के नशे में थे और उन्होंने उसे भी शराब पिलाई थी, जिसके बाद सभी ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।

पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर ढाबा मालिक आनंद और चार अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। पीड़िता के भाई ने बताया कि उसकी बहन का मोबाइल दो दिनों से बंद था। जब फोन चालू हुआ तो उसने सारी घटना बताई, जिसके बाद भाई ने उसे 112 डायल करने को कहा। भाई ने यह भी बताया कि पीड़िता पढ़ी-लिखी नहीं है। क्षेत्र में सड़क किनारे बने ढाबों पर अवैध गतिविधियों की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। सूत्रों के अनुसार, सिराली क्षेत्र में लगभग दो दर्जन से अधिक ढाबे हैं, जहां खुलेआम शराब, जुआ और सट्टे का कारोबार चलता है। ऐसी घटनाओं के पीछे इन ढाबों पर होने वाली अवैध गतिविधियां भी एक कारण मानी जाती हैं।

### प्रोमो प्रचार-प्रसार कार्यक्रम संपन्न

# खेलो एमपी यूथ गेम्स 10 से 31 जनवरी तक

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश का ओलम्पिक खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 10 से 31 जनवरी तक 4 चरणों ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि इस दौरान जिले में खो खो, कबड्डी, रस्साकसी एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी, पिट्टू, योग, बैडमिंटन, कुश्ती, फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट लेदर बॉल एवं टेबल टेनिस, मलखम, बैडमिंटन, शतरंज, बॉक्सिंग, जूडो, टेनिस, तायकांडो जैसे 21 खेलो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के खिलाड़ियों तक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से खेल विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रोमो प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी सिंह, कबड्डी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जगदीश शर्मा, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष राजेश बिलिया, बसंत राजपूत, योग शिक्षक पूजा गहलोत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रोमो प्रोग्राम में बालिका वर्ग फुटबॉल एवं बालिका रस्साकसी एवं मलखम खेल का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में कहा कि खेलने के साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। साफ संतुलित भोजन समय पर लें, जो प्रत्येक खिलाड़ी के लिए आवश्यक है।

# विद्यार्थियों को महिलाओं से संबंधित कानूनों से अवगत कराया, सुरक्षा को लेकर जागरुक किया

### महिला उत्पीड़न एवं सुरक्षा पर विचार व्यक्त किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में गुरूवार को महिला उत्पीड़न एवं संरक्षण समिति द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी अरुणा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि अनीता शर्मा रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता बिले ने महिला उत्पीड़न एवं सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री सिंह ने विद्यार्थियों को महिलाओं से संबंधित कानून से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि सुश्री शर्मा ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी विनय कुमार विछोतिया ने महिलाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित किया एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला उत्पीड़न एवं संरक्षण समिति के गठन की जानकारी दी गई।

# प्रभारी मंत्री आज एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**हरदा।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार, 9 जनवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री सारंग प्रातः 7 बजे कार द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 10.30 बजे हरदा पहुँचकर कमल कुंज, भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट में आयोजित पत्रकारवार्ता में विकसित भारत-जी राम जी - (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम) को लेकर मीडिया से चर्चा करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री सारंग दोपहर 1.30 बजे कमल युवा खेल महोत्सव में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे ग्राम रातातलाई में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2.30 बजे हरदा से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**हरदा।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 9 जनवरी को आयोजित की जायेगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय पर जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है।